“Mega Program for Guidance of Competitive Examinations विषय पर वैबिनार

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उनकी तैयारी करने संबंधी मार्गदर्शन हेतु “Mega Program for Guidance of Competitive Examinations विषय पर 1 दिवसीय वैबिनार दिनांक 11/06/2022 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दोपहर 03:00 बजे वेद पाठ से किया गया। इसके पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने मुख्यवक्ताओं का स्वागत भाषण एवं वैबिनार का संक्षिप्त परिचय देते हुए उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के **प्रथम मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. शिखा अरोरा, सहायक प्राध्यापक व्यवसायिक प्रशासन विभाग सेंट जेवियर, महाविद्यालय, जयपुर** रही। आपने अपने वक्तव्य में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र–छात्राओं को प्रदान की। एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें इसके लिए भी विभिन्न विकल्पों को छात्र–छात्राओं को बताया। इस वैबिनार की **द्वितीय मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. निताशा खत्री, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, संेट जेवियर महाविद्यालय, जयपुर** थी। आपके द्वारा वाणिज्य संकाय के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ सी.ए., सी.एस., आई.सी.डब्लू.ए. जैसे पाठ्यक्रमों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रश्नोत्तर काल में छात्र–छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर मुख्यवक्ताओं द्वारा दिये गये। इस वैबिनार में जुडे मुख्यवक्ता एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश कुमार गोयल, समन्वयक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC), के द्वारा दिया गया।